हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, सोमवार 1 दिसंबर 2025

तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री

12 मनौद में कलश यात्रा और झांकियों के साथ हुई श्री राम दरबार...


10 सुपेला में निर्माणाधीन डी-मार्ट की बिल्डिंग ...




## खबर संक्षेप

### कार को मारी ठोकर बाइक चालक फरार

**बालोद।** शहर के दल्लीचौक में बाईक और कार की भिड़त हो गई। जिसमें भिड़ंत के बाद बाईक चालक बाईक लेकर रफूचक्कर हो गया। मिली जानकारी के अनुसार दल्लीराजहरा की ओर से आ रही लाल रंग की कार दल्लीचौक के मोड़ के पास शहर की ओर से जा रही बाईक से जा टकराई, जिसके बाद बाईक चालक वही गिर गया, जिसमें कार के सामने भाग क्षतिग्रस्त हो गया। बाईक चालक बाईक से गिरने के बाद भी घटना स्थल पर नही रूका और बाईक को चालूकर मौके से फरार हो गया। जहां आस पास के लोग बाईक चालक को आवाज देकर रूकने की बात कहते रहे लेकिन बाईक चालक नही रूका।

### देवरानी-जेठानी विवाद व मारपीट, रिपोर्ट दर्ज

**बालोद।** देवरानी जेठानी में गाली गलौज व मारपीट हो गई। जिसके बाद पीड़ित जेठानी ने अपने देवर, देवरानी के खिलाफ रिपोर्ट लिखाया है। जिसमें पुलिस ने धारा 115(2), 296, 3(5), 351(3) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। ग्राम मुड़पार निवासी रेवती बाई साहू ने पुलिस को बताया कि मेरे पति सोमन लाल साहू, व देवर शैलेन्द्र साहू दो भाई है। दोनों भाईयों में बंटवारा हो गया है, अलग अलग रहते हैं। 27 नवंबर के शाम करीबन 07 बजे गली तरफ घुमने गई थी, वापस घर आते समय मेरी देवरानी चद्रिरका साहू मुझे देखकर सास को अपने घर में नहीं रखती है, सास के मरने के बाद खेत को नहीं देंगे बोली, इस पर विवाद इतना बढ़ा कि नौबत धक्का मुक्की तक पहुंच गई। उसी समय मेरी बेटी डिलेश्वरी साहू लड़ाई झगड़ा की आवाज को सुनकर आई और झगड़ा को चुप करा रही थी, तो मेरी देवरानी चद्रिरका साहू और देवर शैलेन्द्र साहू दोनों मेरी बेटी डिलेश्वरी के गला को दबाकर गाली गलौज कर हाथ मुक्का से मारपीट किये हैं, मारपीट करने से मेरी बेटी डिलेश्वरी साहू के बाएं गाल व गला में दर्द है, मुझे कोई चोट नहीं लगा है।

### देशी मदिरा दुकान के पास संदिग्ध हालत में मिला व्यक्ति

**बालोद।** ग्राम अरकार स्थित देशी मदिरा दुकान के पास एक व्यक्ति संदिग्ध स्थिति में अचेत मिला, जिसे आस पास के लोगों के द्वारा अस्पताल ले जाने पर डॉक्टरो द्वारा व्यक्ति को मृत बताया गया। मिली जानकारी के अनुसार शनिवार देर शाम ग्राम अरकार स्थित देशी मदिरा दुकान के पास एक व्यक्ति संदिग्ध स्थिति में पड़ा हुआ था, जब आस पास के लोगो ने उसे वहां बहुत देर तक हलचल करते नही देखा तो उक्त व्यक्ति को 108 की सहायता से अस्पताल पहुंचाया, जहां उक्त व्यक्ति को डॉक्टरो द्वारा मृत घोशित कर दिया गया। मिली जानकारी के अनुसार उक्त व्यक्ति की पहचान ग्राम अरकार निवासी राजेश ठाकुर 55 वर्श के रूप में हुई है। वही पुलिस शव मिलने के बाद मामला हत्या है या आत्महत्या या कोई घटना उसकी जांच में जुट गई है।

### बाइक की ठोकर से बुजुर्ग घायल, मामला दर्ज

**बालोद।** साइकिल के माध्यम से सैर के लिए निकले बुजुर्ग को मोटर सायकल ने ठोकर मार दिया। जिससे बुजुर्ग घायल हो गया। जिसके बाद बुजुर्ग ने मोटर साइकिल चालक के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। जिसमे पुलिस ने धारा 184 एलकेएस, 125(ए), 281 बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। ग्राम सनौद निवासी गालव कुमार साहू ने पुलिस को बताया कि 24 नवंबर के शाम को प्रतिदिन की तरह सायकल से सैर करने गुरूर की ओर निकला था, राईस मिल सनौद के आगे पुलिया के पास से वापस घर सनौद आ रहा था, तभी मेन रोड सनौद राईस मिल के पास शाम करीबन 06.30 बजे गुरूर की ओर से आ रही मोटर साइकिल क्रमांक सीजी 24 वी 3790 का चालक मेरे साइकिल को पीछे से ▶▶ शेष पेज 11 पर

व्यापारी ने नियमों का हवाला देकर खरीदी से किया इनकार

# चिल्हर धान खरीदी बंद होने से आहत किसान ने सड़क पर बिखेरा अनाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डौंडीलोहारा

यह नजारा शनिवार को सुबह नौ बजे नगर के मुख्य मार्ग स्थित नए बस स्टैंड चौक का है। जब भेड़ी से आए एक किसान ने बेचने के लिए लेकर आए धान को व्यापारी ने खरीदने से मना करने के बाद पूरे सड़क पर बिखेर दिया। किसान ने व्यापारी से धान खरीदने का निवेदन किया। परन्तु शासन प्रशासन के नियमों का हवाला देते हुए व्यापारी ने धान खरीदने से साफ मना कर दिया। जिससें आहत होकर व शासन प्रशासन के नियमों के विरोध स्वरूप किसान ने बेचने के लिए लेकर आए चिल्हर धान को पूरा का पूरा रोड में बिखेर दिया। किसान राजकुमार मानकर ग्राम भेड़ी निवासी ने बताया कि घर की छोटी मोटी जरूरतों की पूर्ति करने हेतु पैसों की आवश्यकता होती है। ऐसे में थोड़े से मात्रा में चिल्हर धान की बिक्री स्थानीय व्यापारियों को किया जाता है। जिससे नगद में पैसे प्राप्त हो जाते हैं परंतु जब व्यापारी ही चिल्हर धान नहीं खरीदेंगे तो हमारी आवश्यकताओं की पूर्ति कैसे होगी। नगद पैसे कहां से आएंगे। विरोध में मैने पूरा धान रोड में डाल दिया। अब घर की छोटी मोटी जरूरतों की पूर्ति कैसे होगी यह चिंता हो गई है।

**ग्रामीण किसानों को सबसे ज़्यादा दिक्कत**

उल्लेखनीय है कि शासन प्रशासन के नियमों के विरोध में जिले भर के व्यापारियों ने चिल्हर धान खरीदी बंद कर दी है। जिससे ग्रामीण क्षेत्रों के किसानों को काफी तकलीफों का सामना करना पड़ रहा है। व्यापारियों ने बताया कि नियमों में खामियां व प्रशासन की गलत कार्यवाही के विरोध के चलते यह फैसला लिया गया है।



तारणी चंद्राकर ने सौंपा था ज्ञापन रजौली, चिचबोड़, अचौद के लोगों को मिलेगी बेहतर सुविधा

# स्वास्थ्य मंत्री ने दिया विकास कार्यों का तोहफा उपस्वास्थ्य केंद्रों के लिए 25 लाख स्वीकृत किए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल के बालोद जिले के कलंगपुर आगमन के दौरान क्षेत्र के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए बालोद जिला पंचायत अध्यक्ष तारणी पुष्पेंद्र चंद्राकर ने क्षेत्र के अनेक उपस्वास्थ्य केंद्रों के लिए अतिरिक्त कक्ष निर्माण हेतु स्वास्थ्य मंत्री को ज्ञापन सौंपा। स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल ने पत्र को गंभीरतापूर्वक अवलोकन कर इन महत्वपूर्ण विकास कार्यों के लिए तत्काल 25 लाख रुपये की राशि स्वीकृत करने की घोषणा की।

इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष चेमन देशमुख, अध्यक्ष जनपद पंचायत पुरुषोत्तम चंद्राकर, अध्यक्ष नगर पंचायत प्रमोद जैन, मण्डल अध्यक्ष युवराज मार्कण्डेय, अश्वनी यादव भी मौजूद रहे।

जिला पंचायत अध्यक्ष तारणी पुष्पेंद्र चंद्राकर ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कलंगपुर में अतिरिक्त कक्ष निर्माण, उपस्वास्थ्य केंद्र रजौली में अतिरिक्त कक्ष निर्माण, उपस्वास्थ्य केंद्र चिचबोड़ के नवीन भवन, उपस्वास्थ्य केंद्र अचौद के नवीन भवन निर्माण तथा उपस्वास्थ्य केंद्र रजौली में टीना शेड निर्माण हेतु मांगपत्र दिया था। मांग पत्र सौंपते समय जिला पंचायत अध्यक्ष तारणी पुष्पेंद्र चंद्राकर ने स्वास्थ्य मंत्री को क्षेत्र की जनता की बढ़ती स्वास्थ्य जरूरतों से अवगत कराया।

तारणी पुष्पेंद्र चंद्राकर ने बताया कि कई मौजूदा उपस्वास्थ्य केंद्रों मे कमरों की कमी के कारण मरीजों और स्वास्थ्यकर्मियों दोनों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। जिला पंचायत अध्यक्ष के इस मांगपत्र पर स्वास्थ्य मंत्री ने त्वरित संज्ञान लिया और तत्काल 25 लाख रुपए की वित्तीय स्वीकृति जारी करने के निर्देश दिए। इस स्वीकृति से क्षेत्र के उपस्वास्थ्य केंद्रों में अतिरिक्त कमरे, प्रसव कक्ष, या प्रतीक्षालय जैसी आवश्यक सुविधाएँ जोड़ी जा सकेंगी, जिससे ग्रामीण और दूरदराज के इलाकों में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में व्यापक सुधार होगा। इसके साथ ही जिला पंचायत अध्यक्ष तारणी ने उपस्वास्थ्य केंद्र रजौली में महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता की नियुक्ति के लिए भी मांगपत्र सौंपा। क्षेत्र की जनता ने जिला पंचायत अध्यक्ष और स्वास्थ्य मंत्री का इस जनहितैषी निर्णय के लिए आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष तारणी पुष्पेंद्र चंद्राकर ने कहा कि मेरा उद्देश्य क्षेत्र के हर नागरिक को उसके घर के निकट ही उत्तम स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना है। यह 25 लाख रुपए की स्वीकृति उसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। जल्द ही निर्माण कार्य शुरू होगा और जनता को इसका लाभ मिलेगा।



### स्वास्थ्य मंत्री जायसवाल से निजी चिकित्सा संघ की मुलाकात



**बालोद।** स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जयसवाल पूर्व विधायक विरेंद्र साहू के यहां शोक कार्यक्रम में पहुंचे। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ निजी चिकित्सा संघ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ हरिकृष्ण गंजीर एवं निजी चिकित्सा संघ ब्लॉक गुण्डरदेही के ब्लॉक अध्यक्ष डॉ रोहित साहू एवं डॉ राजेंद्र साहू ने सौजन्य मुलाकात कर बालोद जिला मे चल रही समस्या के बारे में विस्तार पूर्वक अवगत कराया। डॉ हरिकृष्ण गंजीर ने बताया कि स्वास्थ्य मंत्री ने कहा है कि समस्या का समाधान होगा और जो भी अधिकारी कर्मचारी या कोई भी आम नागरिक यदि निजी चिकित्सकों को झोलाछाप कह कर पुकारा जाता है तो उस पर शिकायत करना, क्योंकि निजी चिकित्सक ही समाज का सेवा कर रहे हैं। स्वास्थ्य मंत्री ने जिला अध्यक्ष चेमन देशमुख से कहा कि हमारे चिकित्सकों पर किसी प्रकार की समस्या नहीं आना चाहिए, इस पर आप थोड़ा ध्यान रखेंगे। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष चेमन देशमुख, यज्ञदत्त शर्मा, प्रमोद जैन, राजेंद्र राय, नोहर साहू उपस्थित थे।

## स्वास्थ्य मंत्री ने 50 बिस्तरों वाले पीएचसी व ब्लड बैंक की तत्काल स्वीकृति दी





**बालोद।** गुण्डरदेही में स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने प्रधानमंत्री मोदी के मन की बात सुनी तथा 50 बिस्तरों वाले पीएचसी भवन और ब्लड बैंक की मांग को तत्काल स्वीकृति दी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात के 128वें संस्करण का प्रसारण रविवार 30 नवंबर को गुण्डरदेही स्थित भाजपा कार्यालय में किया गया। इस दौरान प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल प्रमुख रूप से उपस्थित रहे और उन्होंने कार्यकर्ताओं के साथ प्रधानमंत्री के संदेश को सुना। कार्यक्रम से पूर्व रेस्ट हाउस में स्वास्थ्य मंत्री जायसवाल का भाजपा के वरिष्ठ नेताओं, जिनमें प्रमोद जैन और अश्वनी यादव शामिल थे और कार्यकर्ताओं द्वारा स्वागत किया गया। रेस्ट हाउस में नगर पंचायत अध्यक्ष प्रमोद जैन ने गुण्डरदेही में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के 50 बिस्तरों वाले नए भवन की मांग की। साथ ही उन्होंने स्वास्थ्य केंद्र में ब्लड बैंक और वार्ड नंबर 09 में मोहल्ला क्लीनिक के बाउंड्रीवाल के अपूर्ण कार्य को पूर्ण करने के लिए आवश्यक राशि की भी मांग की। मंत्री जायसवाल ने क्षेत्र की जनता की स्वास्थ्य सुविधाओं को देखते हुए 50 बिस्तरों वाले नए भवन, ब्लड बैंक की स्थापना, और बाउंड्रीवाल के अपूर्ण कार्य को पूर्ण करने के लिए राशि की तत्काल स्वीकृति प्रदान की। इसके बाद मंत्री सीधे भाजपा कार्यालय पहुंचे।

**ये रहे मौजूद**

इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष चेमन देशमुख, जिला पंचायत अध्यक्ष तारिणी पुष्पेंद्र चंद्राकर, नगर पंचायत अध्यक्ष प्रमोद जैन, जनपद अध्यक्ष पुरुषोत्तम चंद्राकर, राजेंद्र राय, लेखराम साहू, अश्वनी यादव, पुर्व जिला पंचायत सदस्य पुष्पेंद्र चंद्राकर, मोहन लाल चोपड़ा, कोमल सोनकर, मंडल अध्यक्ष युवराज मारकंडे, कुलदीप साहू, प्रकाश सिन्हा, जिला पंचायत सदस्य कांति सोनेश्वरी, जनपद सदस्य हेमपुष्पा साहू, सौरभ चोपड़ा, केशव साहू, सुरेश सोनी, मंडल महामंत्री विनोद चंद्राकर, पार्षद शैल महोबिया, महामंत्री हेमंत सोनकर, पूजा बिंझेकर, सेवक महिपाल, शंकर यादव, रोमलाल यादव, भारत साहू, हेमंत साहू, दयानंद सिंहा, कादिर मंसूरीऔर बड़ी संख्या में भाजपा के कार्यकर्ता ▶▶ शेष पेज 11 पर

# सास और ननद से की मारपीट, मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

अपने पति से मिलने गई पत्नी ने पति की बहन व मां से मारपीट कर दिया। जिसके बाद बहन ने मारपीट करने वाले युवक की पत्नी के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। जिसमें पुलिस ने धारा 115(2), 296, 3(5), 333 बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

- पारिवारिक विवाद ने लिया उग्र रूप, पति से मिलने आई महिला

ग्राम अंगारी निवासी रेणुका साहू ने पुलिस को बताया कि मेरा बडा भाई सोमेश कुमार साहू ने ग्राम अंगारी निवासी मालती साहू के साथ 15 जनवरी 2025 को प्रेम विवाह किया है। जिस कारण मेरे परिवार के लोगो ने भाई सोमेश कुमार साहू को अपने पत्नी के साथ अलग रहने के लिये घर से निकाल दिये थे। उसी कारण सोमेश एवं उनकी पत्नी मालती साहू बालोद में किराये के मकान पर रहते थे। सोमेश अपने शादी के दो माह तक अपनी पत्नी के साथ थे, जिनके मध्य विवाद होने के कारण सोमेश बीजापुर में चला गया था, जहां से 22 नवंबर 2025 को हमारे घर आये। जिसकी जानकारी मालती साहू को होने पर 27 नवंबर 2025 को मालती साहू अपनी भाभी हेमलता साहू के साथ करीबन 11 बजे हमारे घर में आकर सोमेश के संबंध मे पुछने लगा, उस समय मै, भाई सोमेश साहू एवं मां अर्चना साहू थे, मालती साहू एवं हेमलता साहू ने हम तीनो को गाली गलौच करने लगे।

जिसे हमारे घर में गाली गलौच मत करो कहकर मना किये तो मालती साहू ने मेरे साथ हाथपाई किये, जिसके बाद दोनो हमारे घर से गाली देते हुए अपने घर चले गये। जिससे मेरे बाये हाथ की कलाई एवं दाहिने हाथ में चोट लगी है।

## पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश सिन्हा कलार समाज महोत्सव में हुए शामिल



**गुण्डरदेही।** सिन्हा कलार समाज महोत्सव में शामिल होने रविवार को कलंगपुर जाते समय पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल कुछ समय के लिए गुण्डरदेही के धमतरी चौक में रुके जहां बड़ी सख्या मे कांग्रेसियो ने उनका स्वागत किया।

# युवक से की मारपीट, 4 के खिलाफ मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

रात को काम करने के बाद अपने घर जा रहे व्यक्ति को युवक ने मारपीट कर दिया, इसकी जानकारी उसके परिजनों को देने पर उसके माता पिता ने भी व्यक्ति की पिटाई कर दी।

- शिकायत करने पर उन्ही के माता-पिता ने भी उक्त युवक की पिटाई कर दी

जिसके बाद पीड़ित व्यक्ति द्वारा चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई गई है। जिसमें पुलिस ने धारा 115(2), 296, 3(5), 351(3) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। वार्ड क्रमांक 11 खाल्हेपारा बालोद निवासी विजय कुमार मोंगराज ने पुलिस को बताया कि 29 नवंबर को रात्रि करीबन 08:30 बजे मैं अपने घर खाल्हेपारा बालोद से दुकान जा रहा था, मोहल्ले का वासु कुलदीप चर्च के पास बैठा था, जो मुझे देखकर गाली गलौज किया, मैंने वासु गाली क्यों दे रहा है। गाली मत दे बोला तो मुझे धमकी दिया और अपने हाथ में रखे शराब के पौवा से फेंककर मुझे मारा, जिससे मेरे मस्तक में चोंट आकर खुन बहने लगा, तो मैं वासु के घर बताने गया कि तुम्हारा ▶▶ शेष पेज 11 पर

ओटीपी, पिन और अनजान लिंक साझा न करने की सलाह

# कसही में साइबर सुरक्षा जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डौंडीलोहारा

बढ़ते साइबर अपराधों और ऑनलाइन धोखाधड़ी से ग्रामीणों को सुरक्षित रखने के उद्देश्य से ग्राम कसही में डौंडीलोहारा थाना द्वारा साइबर सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया गया। इस कार्यक्रम का नेतृत्व मेजर अरविन्द यादव, मेजर लिलेश्वरी देवांगन, मेजर प्रतिमा ठाकुर एवं आरक्षक खोमेंद्र बेलचंदन ने अपनी पुलिस टीम के साथ किया।

- महिला कमांडो ने निभाई सक्रिय भूमिका

टीम ने ग्रामीणों को बताया कि आज के डिजिटल युग में ठग मोबाइल कॉल, मैसेज, सोशल मीडिया लिंक, फर्जी बैंक प्रतिनिधि बनकर या आकर्षक ऑफर दिखाकर लोगों से धोखाधड़ी कर रहे हैं। ऐसे मामलों में जागरूकता ही सबसे बड़ा बचाव है। अभियान में विशेष रूप से महिला कमांडो टीम और महिला स्वच्छता ग्राही टीम की सक्रिय उपस्थिति रही, जिन्होंने महिलाओं को साइबर सुरक्षा से जुड़ी सावधानियों के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम में उपसरपंच नरेन्द्र साहू, जयंत साहू, द्वारिका साहू, बुद्धूराम साहू, अनिल साहू, हिरदेराम साहू, राममिलन साहू, परसराम साहू, तुम्मन लाल कुंजाम, आशीष मसीह, मानसिंह साहू, हरिचंद साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। पुलिस टीम ने बताया कि इन दिनों अज्ञात नंबरों से आने वाले कॉल जैसे के वाय सी अपडेट, एटीएम ब्लॉक, बैंक वेरिफिकेशन, लॉटरी जीतने या नौकरी दिलाने का झांसा देकर ठगी की जा रही है। कुछ ठग फर्जी ऐप डाउनलोड करवाकर मोबाइल का डेटा चुरा लेते हैं, जिससे बैंक खाते तक पहुंच बनाकर रुपए उड़ाए जा रहे हैं। कई मामले ऐसे सामने आए हैं जहां लोग लालच या भय में आकर ठगों को ओटीपी, बैंक विवरण या पिन साझा कर देते हैं। ग्रामीणों को सलाह दी गई कि किसी भी स्थिति में अपना ओटीपी, बैंक पासवर्ड, एटीएम पिन, आधार विवरण या फोन पर आई लिंक न खोलें और न ही अज्ञात व्यक्तियों के साथ साझा करें। किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर तुरंत नजदीकी थाने को सूचना दें। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीणों को साइबर ठगी से सुरक्षित रखना और डिजिटल सुरक्षा की समझ बढ़ाना था, जिसमें ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।



जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा
सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि पाठकों के लिए जन्मदिन उत्सव योजना चलायी गई थी। जिसमें भाग्यशाली पाठकों के उपहार वितरण की सूचना समाचार पत्र में प्रकाशित किया जायेगा।

## खबर संक्षेप



### एटीएम एजेंसियों के कर्मचारियों का पुलिस वेरीफिकेशन अनिवार्य

**भिलाई।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल द्वारा जिले में चोरी, लूट, डकैती जैसे अपराधिक गतिविधियों पर नियंत्रण पाने के लिए जिले के सभी बड़े बैंकों के एटीएम में पैसा डालने वाली एजेंसी, चेस्ट वाहनों एवं आबकारी से संबंधित कर्मचारियों की बैठक पुलिस नियंत्रण कक्ष भिलाई में आयोजित की गई। बैठक के दौरान एसएसपी विजय अग्रवाल ने समस्त एटीएम में पैसा डालने वाली एजेंसी के उपस्थित कर्मचारियों को सुरक्षा संबंधी आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ऐसे एजेंसी में कार्यरत सभी कर्मचारियों को पुलिस वेरीफिकेशन कराना अनिवार्य है। एसएसपी ने चेस्ट वाहनों में उपस्थित सुरक्षा गार्ड एवं एटीएम में लगे गॉर्ड को अपने आर्म्स चेकिंग, लाइसेंस रेनवल समय-समय पर कराने के लिए निर्देशित किया।

### बेटे ने शादी से किया इंकार विवाद मारपीट तक बढ़ा

**भिलाई।** खुर्सीपार थाना क्षेत्र में मारपीट और तोड़फोड़ के मामले में पुलिस ने तीन महिलाओं सहित चार लोगों के खिलाफ धारा 3(5), 333, 115(2), 351(3), 296 बीएनएस के तहत केस दर्ज किया है। कार्रवाई एसएसपी के निर्देश के बाद की गई। सोनिया गांधी नगर जोन 1 निवासी सुमित्रा बाई देवांगन ने एसएसपी को शिकायत में बताया कि मानसी देवांगन, मनीषा देवांगन, रेवती देवांगन और रवि देवांगन अपने साथियों के साथ घर में घुसे और उनके साथ तथा उनके बेटे चन्द्रभान को गाली देते हुए मारपीट की। इस दौरान रेवती ने चन्द्रभान के कंधे पर दांत से काट लिया और आरोपियों ने डंडे से हमला कर हाथ तोड़ देने तक की बात कही। घर में आग लगाने और जान से मारने की धमकी दी गई। पीड़ित परिवार का कहना है कि विवाद की असली वजह शादी का मामला है। पुत्र चन्द्रभान ने हीरा लाल देवांगन की बेटी से विवाह करने से मना कर दिया था, जिसके बाद से तनाव बढ़ गया। शिकायत में यह भी कहा गया कि इससे पहले भी कई बार झगड़ा हुआ और आरोपियों द्वारा थाने में झूठी शिकायतें कराई गईं।

# बीएसपी के ठेका में श्रमिकों की 20% कटौती बंद करे प्रबंधन : इंटक

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

## ठेका श्रमिकों की समस्याओं तथा केंद्रीय न्यूनतम वेतनमान को लेकर चर्चा

स्टील ठेका श्रमिक यूनियन इंटक की कार्यकारिणी की बैठक सेक्टर 4 कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक में भिलाई इस्पात संयंत्र के उत्पादन एवं लाभार्जन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले ठेका श्रमिकों की समस्याओं तथा केंद्रीय न्यूनतम वेतनमान को लेकर विस्तृत चर्चा की गई।

बैठक में बताया गया कि बीएसपी के विस्तारीकरण के बाद संयंत्र के अधिकतर कार्य ठेका श्रमिकों के माध्यम से किए जा रहे हैं। अत्याधुनिक तकनीक अपनाए जाने के बावजूद ठेका श्रमिकों ने उत्पादन बढ़ाते हुए बीएसपी को सेल की ध्वजवाहक इकाई बनाए रखने में अहम योगदान दिया है। लेकिन इसके विपरीत, सेल प्रबंधन के तुगलकी फरमान के चलते बीएसपी प्रबंधन ठेका में 20% श्रमिकों की कटौती कर रहा है। इस निर्णय से ठेका श्रमिकों में भारी असंतोष है।

कटौती के कारण कार्यभार बढ़ गया है, जिससे दुर्घटनाओं की संभावना भी बढ़ गई है तथा श्रमिक तनावपूर्ण माहौल में कार्य करने को मजबूर हैं। कटौती से उनके रोजगार की सुरक्षा पर भी संकट गहराया है, जिसका सीधा असर उत्पादन और लाभ पर पड़ना तय है। यूनियन ने स्पष्ट किया कि ठेका श्रमिकों की 20% कटौती को तुरंत रोका जाए। इस विषय पर उच्च प्रबंधन से चर्चा की जाएगी, और यदि प्रबंधन ने निर्णय वापस नहीं लिया तो इसके विरुद्ध आंदोलन किया जाएगा।



### बीएसपी के ठेका श्रमिकों को मिले केंद्रीय न्यूनतम वेतन

बैठक में यूनियन के उपाध्यक्ष मनोहर लाल ने कहा कि नया वेज कोड कानून के अनुसार केंद्र सरकार द्वारा निर्धारित न्यूनतम वेतन का लाभ बीएसपी के सभी ठेका श्रमिकों को तुरंत दिया जाए। यह वेतनमान मार्च 2026 तक लागू है। अकुशल श्रमिक 783 प्रतिदिन, अर्ध कुशल श्रमिक 865 प्रतिदिन, कुशल श्रमिक 954 प्रतिदिन, उच्च कुशल श्रमिक 1,035 प्रतिदिन निर्धारित है। यूनियन ने ठेका श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा, रात्रि भत्ता, बीएसपी द्वारा आवास या आवास भत्ता,मोटरसाइकिल अलाउंस, कैंटीन भत्ता, बच्चों को निःशुल्कशिक्षा, स्वास्थ्य सुविधाएं, मासिक इंसेंटिव, स्थाई प्रकृति के कार्यों में लगे ठेका श्रमिकों को उचित दर्जा दिलाने एवं सभी मुद्दों पर उच्च प्रबंधन से बातचीत होगी। इंटक के अध्यक्ष संजय साहू ने कहा कि सभी महत्वपूर्ण विषयों पर उच्च प्रबंधन से गहन चर्चा की जाएगी। उन्होंने कहा कि वेतन प्रणाली में सुधार और सभी ठेका श्रमिकों को पूर्ण वेतन दिलाने के लिए यूनियन लगातार संघर्ष कर रही है। बैठक में सीपी वर्मा, दीनानाथ सिंह, दिनेश, गुरुदेव साहू, कुलेश्वर कुमार, कान्हा, देवेंद्र कुमार, दामन लाल, दाऊ लाल, यशवंत यादव, मनहरण लाल सहित अन्य उपस्थित थे।

## निगम आयुक्त ने खेमामल मध्यानी से मांगा तीन दिन के अंदर जवाब

# सुपेला में निर्माणाधीन डी-मार्ट की बिल्डिंग पर रोक, भिलाई निगम ने थमाया नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

## 85 फीट सरकारी जमीन पर अतिक्रमण का है आरोप

सुपेला में लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल के पास निर्माणाधीन डी-मार्ट की बिल्डिंग पर निगम ने रोक लगाते हुए खेमामल मध्यानी को नोटिस जारी कर तीन दिन के अंदर जवाब मांगा है। यदि 3 दिन के भीतर निगम को सही जवाब नहीं दिया जाता है तो निगम उसके खिलाफ निर्माण को तोड़ने की कार्रवाई करेगा।

नोटिस निगम आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने जारी की है। उन्होंने नोटिस में लिखा है कि खसरा क्रमांक 639 के एक भाग में कांट्रेक्टर कालोनी सुपेला भिलाई में अनुज्ञा के खिलाफ अवैध निर्माण किया जा रहा है। यह निगम के अधिनियम का उल्लंघन है। उन्होंने निर्देश दिया है कि इस निर्माण को तत्काल रोका जाए और इसको लेकर अपना जवाब 3 दिन के भीतर दें। जवाब में मध्यानी से पूछा गया है कि निगम अधिनियम का उल्लंघन कर निर्माण करने को लेकर क्यों ना निर्माण को हटाने या गिराने की कार्रवाई की जाए। निगम के एक अधिकारी से ने बताया कि जिस जमीन में बिल्डिंग निर्माण हो रहा है वो जिले के व्यापारी खेमामल मध्यानी की है। उसे उन्होंने डी-मार्ट कंपनी को बेच दिया है। वह प्लाट 32 हजार वर्ग फिट का है। निगम ने इस जमीन में लगभग 42 प्रतिशत हिस्से में ही निर्माण करने की परमिशन जारी की है। यानि कि 15 हजार वर्ग फिट से भी कम जमीन पर बेसमेंट और तीन माले की बिल्डिंग का निर्माण किया जाना है।




### नियम के तहत ही बन रही है बिल्डिंग

इस बारे में जब खेमामल मध्यानी की कंपनी में काम करने वाले जय कुमार अंबवानी से जब बात की गई तो उन्होंने बताया कि जमीन डी-मार्ट की कंपनी को बेच दी है। उन्हीं की बिल्डिंग बन रही है। बिल्डिंग परमिशन जमीन बेचने से पहले ले लिया गया था, इसलिए वो खेमामल मध्यानी के नाम से है। उन्होंने यह भी कहा कि डी-मार्ट एक बड़ी कंपनी है। उनके द्वारा जो भी निर्माण किया जा रहा है वो पूरे नियम के तहत किया जा रहा है।

### पार्किंग की 85 फिट गहरी जमीन तक कब्जा कर किया गया है निर्माण

डी-मार्ट की जो बिल्डिंग बन रही है वो नियम से तो बन रही है, लेकिन उनके द्वारा नाली निर्माण के बहाने सिर्विस रोड तक कब्जा कर उसे ग्रान मैट से घेर लिया गया है। अब वहां नाली के बेस के साथ साथ कॉलम खड़े किए जा रहे हैं। इससे साफ है कि वहां पर भविष्यम में बाउंड्रीवाल भी बनाई जा सकती है।

### जिम्मेदारों ने नहीं दिया जवाब

इस बारे में जब निगम आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय और वार्ड के पार्षद लालचंद वर्मा को फोन लगाया गया तो उन्होंने जवाब नहीं दिया। वहीं भवन शाखा के अधिकारी दौलत चंद्राकर ने कहा कि इस बारे में जो भी जानकारी देंगे वो बड़े अधिकारी देंगे। उन्हें सिर्फ यही जानकारी है कि मामले को लेकर एक नोटिस जारी किया गया है।

# कार चालक ने एयरटेल कर्मी से मारपीट कर की लूट, आरोपी फरार



**भिलाई।** भिलाई में वैशाली नगर थाना अंतर्गत कृष्णा गार्डन के पास दो दिन पहले लूट का एक मामला सामने आया। एक अज्ञात कार चालक ने स्कूटी से जा रहे एयरटेल कंपनी के कर्मचारियों से मारपीट की और उनका बैग और डेढ़ लाख रुपए से अधिक कीमत की ब्राडबैंट फाइबर वायर ज्वाइंटर मशीन को लूट कर ले गया। इस घटना को हुए दो दिन बीत गए हैं, लेकिन पुलिस ने ना तो मामाल दर्ज किया और ना आरोपी को पकड़ पाई है।

इस मामले की लिखित शिकायत वैशाली नगर निवासी अमरजीत सिंह ने की है। उसने बताया कि वो सुदेश मिश्रा की फर्म एमएमटी फर्स्ट में काम करता है। उनके दो लड़के सेवकराम और ललित यादव स्कूटी से एयरटेल की कीमती मशीन लेकर कंप्लेन पर गए थे। वो लोग कोहका की तरफ से 28 नवंबर की दोपहर साढ़े तीन बजे के करीब आ रहे थे। इस दौरान कृष्णा गार्डन के पास एक कार चालक ने तेज व लापरवाही पूर्वक कार चलाते हुए स्कूटी को टक्कर मार दिया। इसके बाद चालक कार से उतरा और लड़कों को गाली गलौज कर मारपीट करने लगा। उसने लड़कों का बैग छीन और स्कूटी में रखी मशीन को लेकर कार में रखा और भाग गया। जब काफी देर तक उसका कहीं पता नहीं चला लड़कों ने थाने में शिकायत की। वैशाली नगर थाने का हाल यह है कि जब दोनों पीड़ित शिकायत दर्ज कराने थाने पहुंचे तो उन्होंने थाने से भगा दिया गया। इसके बाद पेट्रोलिंग पार्टी ने घटना स्थल का सीसीटीवी फुटेज निकाला, लेकिन अब तक आरोपी का कहीं पता नहीं चला।

# एसआईआर के लिए फॉर्म बांटा ही नहीं, लेकिन कर दी ऑनलाइन एंट्री, बीएलओ निलंबित

**दुर्ग।** विशेष सघन पुनरीक्षण एसआईआर में बड़ी लापरवाही सामने आई है। दुर्ग शहर के 32 बंगला क्षेत्र में करीब 350 मतदाता ऐसे हैं, जिन्हें फॉर्म का वितरण ही नहीं किया गया, जबकि ऑनलाइन रिकॉर्ड में उन्हें फॉर्म के वितरण की जानकारी अपलोड की गई। फील्ड पर की जांच के बाद इसका खुलासा हुआ। इतना ही नहीं कलेक्शन कार्य में भी लापरवाही बरती जा रही थी। लगातार मिल रही शिकायत के बाद बीएलओ सिद्धांत शर्मा को निलंबित कर दिया गया है। बता दें कि सिद्धांत शर्मा दुर्ग निगम में सहायक राजस्व निरीक्षक पद पर पदस्थ हैं। 4 दिसंबर तक एसआईआर के अंतर्गत फॉर्म का वितरण और उसे भरकर जमा किया जाना है। इसे लेकर पूरे जिले में अभियान चलाया जा रहा है। मतदान केंद्रों से लेकर लोगों के घर-घर जाकर एसआईआर की जानकारी दी जा रही है। इस कार्य में बूथ लेवल अधिकारियों की भूमिका सबसे अहम है। मतदाताओं के घर घर जाकर गणना पत्र वितरण करने के साथ ही उसका संकलन और डिजिटाइजेशन कार्य की जिम्मेदारी दी गई है। अधिकांश बूथों में यह कार्य पूर्णता की ओर है। कुछ बूथ में पूर्ण भी हो गए हैं, लेकिन दुर्ग विधानसभा के बूथ नंबर 183 के नियुक्त बूथ लेवल ऑफिसर सिद्धांत शर्मा ने इस कार्य में लापरवाही बरती। मतदाताओं के गणना पत्र के वितरण और संकलन कार्य में घोर लापरवाही बरती गई। कलेक्टर अभिजीत सिंह के निर्देश पर निलंबन कार्रवाई की गई है।

# नवीनीकरण, रिटेंशन, हाउस लीज पर बीएसपी से चर्चा का लिया निर्णय, फिर बुलाई गई बैठक



**भिलाई।** बीएसपी क्षेत्र की विभिन्न संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने सेक्टर 10 में बैठक आयोजित कर टाउन इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रिकल डिपार्टमेंट द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मंडल को विद्युत व्यवस्था का हस्तांरण की पहलकदमी पर विस्तार से चर्चा की गई।इसमें सभी ने एक मत होकर निर्णय लिया कि विद्युत विभाग की विसंगतियां पर चर्चा हेतु सेक्टर 10 जोनल मार्केट मंदिर परिसर में बृहद बैठक का आयोजन किया जाएगा। यह भी निर्णय लिया गया कि भविष्य में आम एजेंडे पर सभी मिलजुल कर कार्य करेंगे। लीज नवीनीकरण, बीएसपी आवासों के रिटेंशन संबंधी समस्या एवं हाउस लीज से संबंधित समस्याओं पर भविष्य में एकजुट होकर आगे कार्य करने का निर्णय लियाा गया। बैठक में स्टील सिटी चैंबर ऑफ कॉमर्स, हाउस लीज संघर्ष समिति, बीएसपी आवास रिटेंशन समिति के पदाधिकारी सुरेश चंद, राजेंद्र कुमार परगनिया, राम जसपाल, अनिल विश्वकर्मा, चंद्रकला ताराम, सुमन कनौजे, दिनेश सिघल, ज्ञानचंद बाकलीवाल, राम कुमार गुप्ता, अजय दीक्षित सहित अन्य मौजूद थे।

### हस्तातंरण के मामले में व्यापारिक संगठन आज करेंगे चर्चा

भिलाई स्टील सिटी चैंबर ऑफ कॉमर्स द्वारा 20 नवंबर को सेक्टर 10 जोनल मार्केट मंदिर परिसर स्थित सभा भवन में दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक बैठक आयोजित किया है। इसमें भिलाई इस्पात संयंत्र विद्युत सेवा राज्य शासन को सौंप रहा है इससे हमको क्या परेशानी होने वाली है इस पर विस्तार पूर्वक जानकारी दी जाएगी । अधिशासी निदेशक कार्मिक एवं प्रशासन ने अपने श्रमिक संगठनों के मध्य चर्चा के दौरान कहां है कि बी एस पी आवास राज्य शासन को सौंप जाने की चर्चा छत्तीसगढ़ सरकार के साथ हो रही है ,सिर्फ आवास क्यों ,टाउनशिप क्षेत्र की पूरी भूमि सौंप देना चाहिए । विद्युत नियामक आयोग में 5 दिसंबर को भिलाई इस्पात संयंत्र टाउन इंजीनियरिंग इलेक्ट्रिकल डिपार्टमेंट द्वारा विद्युत सेवा सौपे पर जाने से संबंधित दिए गए प्रस्ताव पर रायपुर विद्युत नियामक आयोग के कार्यालय में हियरिंग होना है जहां विभिन्न जहां विभिन्न संस्था संगठन के प्रतिनिधियो को अपनी आपत्ति दर्ज करना चाहिए ।

# जोन पांच में विभिन्न विकास कार्यों का किया गया निरीक्षण

**भिलाई।** नपानि भिलाई के आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने जोन-5 के अंतर्गत चल रहे विभिन्न विकास कार्यों और नागरिक सुविधाओं का गहन निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने उद्यान, टेनिस कोर्ट, डोम शेड निर्माण स्थल सहित बीएसपी क्षेत्र के जर्जर क्वार्टरों का जायजा लिया और अधिकारियों को नागरिकों को मूलभूत सुविधाओं का त्वरित लाभ सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। आयुक्त एवं जोन आयुक्त अमरनाथ दुबे ने इस उद्यान का अवलोकन किया। उद्यान के भीतर निर्मित स्टेज के तत्काल संधारण का निर्देश दिया गया है। खिलाड़ियों के लिए बने इस टेनिस कोर्ट का निरीक्षण कर आयुक्त ने इसे नागरिकों को सौंपने और उनके द्वारा इसका उचित रखरखाव सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए।

### उद्यानों में पौधरोपण देखभाल के निर्देश

आयुक्त ने उद्यान में किए गए पौधारोपण की उचित देखरेख सुनिश्चित करने को कहा गया। उद्यान में खराब पड़े बोर के तत्काल संधारण और पौधों की सिंचाई नियमित रूप से करने के निर्देश दिए गए हैं। समीपस्थ टेनिस कोर्ट में ग्राउंड की साफ-सफाई कराने को कहा गया ताकि खिलाड़ियों को सुविधा मिल सके।
प्रस्तावित नवीन डोम शेड निर्माण स्थल का निरीक्षण कर आयुक्त ने कार्य को नियमानुसार करने के निर्देश दिए। आयुक्त ने बीएसपी क्षेत्र के जर्जर क्वार्टरों का भी निरीक्षण किया। उन्होंने इन स्थलों का उपयोग प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत नए आवासों के निर्माण के लिए करने की संभावना पर चर्चा की।

# 1981 सरकारी खाते ऐसे, जिनमें लंबे समय से 9.21 करोड़ रुपए हैं जमा



हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति एवं जिला स्तरीय समीक्षा समिति की बैठक कलेक्टर अभिजीत सिंह की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में दुर्ग जिले की सभी बैंकों में संचालित विभिन्न सेवाओं व योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में कलेक्टर ने जिले के शासकीय विभागों से संबंधित 1981 निष्क्रिय बैंक खातों को लेकर चर्चा की। बता दें कि इन खातों में करीब 9.21 करोड़ रुपए जमा हैं। 1264 डीईएएफ (दावा रहित जमा राशि) खातों जिनमें लगभग 2.62 करोड़ रुपए की राशि संचित हैष उन सभी खातों को 30 नवंबर 2025 तक सक्रिय कराने के लिए खाताधारकों से संपर्क सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही कलेक्टर ने विभिन्न विभागों के लंबित आवेदनों को समयावधि में निराकृत कर लक्ष्य प्राप्ति हेतु सभी बैंक एवं विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत दुर्ग बजरंग दुबे, भारतीय रिज़र्व बैंक से दिग्विजय राउत, अग्रणी बैंक प्रबंधक संजय गर्ग सहित डीआईसी, मत्स्य पालन, कृषि विभाग, नगर निगम, एनआरएलएम विभाग के अधिकारी एवं सभी बैंकों के जिला समन्वयक उपस्थित थे।

## तीनों जिला संगठनों के नव निर्वाचित अध्यक्षों ने निकाली संयुक्त रूप से रैली

# जमीन के बाजार मूल्य में बढ़ोत्तरी के विरोध में कांग्रेस का प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

रजिस्ट्री शुल्क और जमीन के बाजार मूल्य में बढ़ोत्तरी के विरोध में शुक्रवार को कांग्रेस ने पटेल चौक में प्रदर्शन किया। छत्तीसगढ़ शासन का पुतला फूंका। इस दौरान तीनों जिला संगठनों के नव निर्वाचित अध्यक्ष धीरज बाकलीवाल, राकेश ठाकुर और मुकेश चंद्राकर मौजूद थे। उन्होंने कहा कि जिले का युवा जाग चुका है, सरकारी की दमनकारी नीतियों से वाकिफ हो रहा है। आने वाले दिनों में कांग्रेस स्वस्फूर्त ऐसे जुड़ने वाले लोगों को साथ लेकर और भी उग्र प्रदर्शन करेगी। धीरज बाकलीवाल ने कहा कि पार्टी हाईकमान के निर्देश पर उन्हें अध्यक्ष बनाया गया है। युवाओं की भावनाओं के अनुरूप जिला संगठन काम करेगा। पार्टी हाईकमान के निर्देश पर आगामी दिनों में कार्यकारिणी घोषित की जाएगी। प्रदर्शन के दौरान संगठन के प्रदेश महामंत्री राजेंद्र साहू, पूर्व विधायक अरुण वोरा, दीपक दुबे सहित अन्य प्रमुख रूप से मौजूद थे।

- **ब्लॉक स्तर पर भी विरोध दर्ज कराने की तैयारी**

### भूमि की सरकारी दरों में वृद्धि का लोगों को नुकसान

राकेश ठाकुर ने कहा कि भाजपा की सरकार आने के बाद भूमि की सरकारी दर 40 से 500 प्रतिशत बढ़ गयी ,यह सरकार का अदूरदर्शी फैसला है। गाईडलाइन की दर बढ़ने से आम आदमी को परेशानी होगी, लोगों का मकान, दुकान, फैक्ट्री बनाने का खर्च बढ़ जायेगा। भूमि की खरीदी-बिक्री बंद हो जायेगी या कम हो जायेगी, बेरोजगारी बढ़ेगी। यह प्रदेश के विकास में बाधा पहुंचाने वाला फैसला है। इस फैसले का कांग्रेस पार्टी विरोध करती है। पूरे देश में ऐसा कहीं नहीं हुआ कि एक साल में जमीन की गाईडलाईन 130 से 500 प्रतिशत तक बढ़ा दी गयी हो। इससे नागरिकों का खासा आर्थिक नुकसान होने वाला है।




### नासिर खोखर ने छोड़ा प्रवक्ता पद

पिछले करीब 10 सालों से प्रवक्ता पद की जिम्मेदारी निभाने वाले नासिर खोखर ने अपना प्रवक्ता पद छोड़ दिया है। उन्होंने पार्टी के वरिष्ठ नेताओं को इसकी जानकारी दे दी है। उन्होंने कहा कि वे अब पार्टी की इस जिम्मेदारी से मुक्त होना चाहते हैं। पार्टी यदि उन्हें अन्य कोई जिम्मेदारी देती है, तो वे उसका पालन करेंगे।

### 30 लाख की जमीन के लिए 22 लाख स्टाम्प इयूटी

मुकेश चंद्राकर ने कहा कि 30 लाख की जमीन के लिए 22 लाख की स्टांप ड्यूटी कोई सरफिरि या तुनकमिजाज सरकार ही लगा सकती है। प्रदेश के कई शहरों के आसपास कुछ जगह ऐसी भी स्थिति बन गयई है कि अगर कोई 1000 फीट जमीन की खरीदी 6 लाख रु. में करता है तो उसे 4 लाख 40 हजार रु. रजिस्ट्री शुल्क चुकाना होगा, कुछ क्षेत्रों में रजिस्ट्री शुल्क और जमीन की कीमत एक बराबर होगी, कुछ क्षेत्रों में जमीन की कीमत से ज्यादा रजिस्ट्री शुल्क देना पड़ेगा। ऐसे गरीब आदमी मकान कैसे बनायेगा? तिनका तिनका जोड़कर और कर्ज लेकर जमीन खरीदने वालों को जमीन के साथ रजिस्ट्री के लिए भी कर्ज लेना पड़ेगा, फिर मकान बनाने पैसा कहां से इंतजाम करेगा।

## खबर संक्षेप



### मितानिन दिवस मना

**डोंगरगढ़।** अछोली में मितानिन दिवस मनाया गया। सरपंच नंदकुमार साहू, सचिव पूर्णिमा मंडावी एवं पंचों ने मितानिन कमलेश्वरी साहू, नीता साहू, सुनीता राजपूत, मीरा राजपूत, अनिता साहू को तिलक लगाकर श्रीफल और साल भेंट किया। सरपंच साहू ने मितानिनों गाँव में किए गए स्वच्छता एवं स्वास्थ्य कार्य की सराहना की। इस अवसर पर सुप्रिया रानी गुप्ता, खुशबू साहू, पूर्णिमा साहू, वंदना ऊके, खिलेश्वरी साहू, सुनीता साहू, खेमचंद सहारे, मुन्ना यादव, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता रीता भादुड़ी, भानुमति साहू, सुनीता बंसोड़ आदि उपस्थित थे।

### रक्तदान शिविर में 45 यूनिट रक्त संग्रह



**राजनांदगांव।** महेश्वरी भवन राजनांदगांव में रक्तदान शिविर सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। जिसमें कुल 45 यूनिट रक्त संग्रह किया गया। यह शिविर तेजल फाइनेंशियल सर्विसेज के पार्टनर अंशुल मालू के जन्मदिन के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया था। समाजसेवा और मानवता के इस उद्देश्य से आयोजित कैंप में बड़ी संख्या में युवाओं, महिलाओं और वरिष्ठ नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और स्वेच्छा से रक्तदान किया। शिविर में शुगर टेस्ट, बीपी टेस्ट, हाइट-वेट चेकअप जैसी स्वास्थ्य सेवाएं भी निःशुल्क प्रदान की गई। आयोजक अंशुल मालू ने रक्तदाताओं का आभार व्यक्त करते कहा कि रक्तदान एक महादान है और समाज की भलाई के लिए ऐसे कार्यक्रम आगे भी आयोजित किए जाएंगे। नंदगांव ब्लड बैंक के फनेन्द्र जैन एवं उनकी टीम का विशेष सहियोग रहा।

### 91 वरिष्ठजन करेंगे अयोध्याधाम की यात्रा

**राजनांदगांव।** श्री रामलला दर्शन (अयोध्या धाम) योजना के तहत जिले के 55 वर्ष से अधिक और 75 वर्ष से कम उम्र के 91 वरिष्ठजनों को 18 से 21 दिसंबर तक अयोध्या धाम की यात्रा कराई जाएगी। यात्रा के संबंध में विस्तृत जानकारी कार्यालय समाज कल्याण विभाग से प्राप्त की जा सकती है।

### वैज्ञानिकों ने किया निरीक्षण



**राजनांदगांव।** कृषक रत्न पुरस्कार राज्य अलंकरण से सम्मानित डोंगरगढ़ विकाखंड के ग्राम परागांवखुर्द के किसान एनेश्वर वर्मा द्वारा इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर, कृषि विज्ञान केन्द्र राजनांदगांव सीड हब दलहन योजना अंतर्गत 7 एकड़ में बीज उत्पादन कार्यक्रम के तहत अरहर किस्म के छत्तीसगढ़ अरहर 2 (सावित्री) लिया गया है। खरीफ - 2025 परिक्षेत्र भ्रमण के तहत कृषि विज्ञान केन्द्र से वैज्ञानिक अतुल डांगे एवं छत्तीसगढ़ राज्य बीज निगम राजनांदगांव से डॉ. नीरज टोपो द्वारा इसका निरीक्षण किया गया।

### कर्मचारी संघ के कार्यक्रम का शुभारंभ 7 को

**डोंगरगढ़।** छत्तीसगढ़ लघु वेतन शासकीय चतुर्थ वर्ग कर्मचारी संघ के 75 वर्ष पूर्ण होने पर एकता अभियान साथी सम्मान कार्यक्रम का शुभारंभ किया जा रहा है। यह कार्यक्रम आगामी 7 दिसंबर को रायपुर प्रांतीय कार्यालय में प्रारंभ होगा। इस मौके पर आयोजित बैठक में सात सूत्री मांगों पर चर्चा कर अंतिम निर्णय लिया जाएगा।

## अब तक 123 प्रकरणों में पौने 5 करोड़ का अवैध धान और 7 वाहन जब्त

# 5 प्रकरणों में साढ़े 6 लाख का 215 क्विंटल अवैध धान जब्त

## कोचियों एवं बिचौलियों पर लगातार कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

कलेक्टर जितेन्द्र यादव के निर्देशानुसार जिले में अवैध धान बिक्री की रोकथाम के लिए कोचियों एवं बिचौलियों पर कड़ी कार्रवाई की जा रही है। आने वाले समय में कोचियों एवं बिचौलियों द्वारा अवैध धान की बिक्री करने की पुनरावृत्ति होने एवं संलिप्त पाए जाने पर अपराधिक प्रकरण भी दर्ज किए जा सकते हैं। इसी कड़ी में राजस्व, खाद्य, मंडी विभाग के संयुक्त दल द्वारा रविवार को कुल 5 प्रकरणों में 6 लाख 68 हजार 360 रुपए मूल्य के 215.60 क्विंटल (539 बोरा) अवैध धान जब्त किया गया। इसी तरह खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में अब तक कुल 123 प्रकरणों में 4 करोड़ 85 लाख 87 हजार 726 रुपए मूल्य के 15673.46 क्विंटल (39184 बोरा) अवैध धान एवं 7 वाहन जब्त किया गया है।



### सख्त कार्रवाई के निर्देश

जिले में कोचियों एवं बिचौलियों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। जिले के 1500 छोटे एवं बड़े मंडी अनुज्ञप्तिधारियों को सूचीबद्ध कर अनुविभागीय अधिकारी, तहसीलदार एवं खाद्य व मंडी के अधिकारियों को जांच कर अवैध रूप से भंडारित धान जब्त किए जाने तथा सख्त कार्रवाई किए जाने के निर्देश दिये गये है। जिले में अंतर्राज्यीय अवैध धान आवक के रोकथाम हेतु जिले में कुल 3 अंतर्राज्यीय चेकपोस्ट बोरतलाब, पाटेकोहरा एवं कल्लूबंजारी स्थापित किया गया है, जहां पर मंडी, नगर सेना, वन विभाग एवं राजस्व के अधिकारियों द्वारा तीन पालियों में 24 घंटे की ड्यूटी लगाई गई है।

### सतत निगरानी से कोचियों में हड़कंप

प्राप्त जानकारी के अनुसार आज राजनांदगांव अनुविभाग में 3 प्रकरण में 5 लाख 75 हजार 360 रुपए मूल्य के 185.60 क्विंटल (464 बोरा) अवैध धान एवं डोंगरगांव अनुविभाग में कुल 2 प्रकरणों में 93 हजार रुपए मूल्य के 30 क्विंटल (75 बोरा) अवैध धान जब्त किया गया है। इसी तरह खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में अब तक राजनांदगांव अनुविभाग में कुल 49 प्रकरणों में 2 करोड़ 76 लाख 54 हजार 480 रुपए मूल्य के 8920.80 क्विंटल (22302 बोरा) अवैध धान व 2 वाहन, डोंगरगढ़ अनुविभाग में 36 प्रकरण में 95 लाख 87 हजार 866 रुपए मूल्य के 3092.86 क्विंटल (7732 बोरा) अवैध धान व 2 वाहन तथा डोंगरगांव अनुविभाग में कुल 38 प्रकरणों में 1 करोड़ 13 लाख 45 हजार 380 रुपए मूल्य के 3659.80 क्विंटल (9150 बोरा) अवैध धान एवं 3 वाहन जब्त किया गया है।

## गीता जयंती महोत्सव पर हेमू कालानी नगर में भव्य आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

■ गीता जयंती पर शोभा यात्रा एवं सत्संग का होगा आयोजन

धर्मशास्त्र भगवत गीता की जयंती कल 01 दिसंबर को संत कंवरराम सेवा समिति द्वारा हेमू कालानी नगर में लगातार पांचवे वर्ष को भव्य आयोजन किया जा रहा है। आयोजन समिति के सदस्य पृथ्वीराज परियानी ने बताया कि भगवत गीता मनुष्य जन्म को मोक्ष प्रदान करने का ग्रंथ है। जिसमें भगवान कृष्ण द्वारा अर्जुन को दिए ज्ञान का वर्णन है। इसमें हमें कर्म, भक्ति और धर्म के मार्ग पर चलने का उपदेश श्रीकृष्ण देते हैं।

संत कंवरराम समिति के वासुदेव मोटलानी एवं विजय परियानी ने बताया कि 01 दिसंबर को शाम 4 से 5 बजे शोभायात्रा सतराम धाम झंडा साहब गली नंबर 3 से निकलेगी। शोभायात्रा में बड़ी संख्या में महिलाएं कलश एवं गीता का ग्रंथ माथे पर लेकर चलेगी। रात्रि 8 से 10 बजे तक झंडा साहब गली नंबर 3 में भागीरथ विश्वकर्मा द्वारा गीता पर सत्संग का व्याख्यान किया जाएगा। तत्पश्चात प्रसादी का आयोजन होगा।

## पीएम मोदी ने अनेक योद्धा को याद कर राष्ट्र की संप्रभुता, एकता और अखंडता को रखा बरकरार

**राजनांदगांव।** प्रथम महिला वीरांगना रानी चेन्नम्मा की 200वीं जयंती के उपलक्ष्य में मिनिष्ट्री ऑफ कल्चर एवं छत्तीसगढ़ सर्वजन विकास समिति द्वारा राजनांदगांव के गुजराती शैक्षणिक संस्थान के प्रांगण में आयोजित तीन दिवसीय कार्यक्रम का भव्य समापन किया गया।

कार्यक्रम के अंतिम दिन मुख्य अतिथि सांसद संतोष पांडे ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार व्यक्त करते कहा कि स्वतंत्रता के बाद जिन विभूतियों को भुला दिया गया था, उन्हें जनमानस से अवगत कराना प्रधानमंत्री की मातृ संस्था की शानदार पहल है। उन्होंने रानी चेन्नम्मा के योगदान को याद करते कहा कि कट्टूर की रानी चेन्नम्मा जैसी वीरांगनाएं और सरदार वल्लभ भाई पटेल जैसे योद्धा, जिन्होंने 562 रियासतों का एकीकरण कर राष्ट्र की संप्रभुता, एकता और अखंडता को बरकरार रखा। आज उन्हें पूरा भारत देश नमन करता है। महापौर मधुसूदन यादव ने कहा कि विगत तीन दिनों से स्कूली बच्चों को रानी चेन्नम्मा के जीवन पर आधारित गाथाएं सुनाई गई और प्रोजेक्टर के माध्यम से उनके साहस और बलिदान से परिचित कराया गया। इससे बच्चों को अमर गाथा से प्रेरणा मिली। कार्यक्रम के दौरान बच्चों से सवाल-जवाब भी किए गए। जिनका अधिकांश बच्चों ने उत्साहपूर्वक जवाब दिया। इस अवसर पर बच्चों द्वारा आयोजित विशाल बाल मेला आकर्षण का केंद्र रहा। बाल मेले के आकर्षक आयोजन में गणमान्य नागरिकों ने भी अपनी प्रभावी शिरकत की। संस्था उपाध्यक्ष पवन पटेल ने बच्चों को जीवन जीने की कला एवं सफल इंसान बनने का गुर बताया। कार्यक्रम का सफल संचालन सीए रुपम सोनछात्रा ने किया।

## मधु ने मोतीपुर में बनाया स्वयं का आवास

**राजनांदगांव।** गरीब एवं जरूरतमंद परिवारों को अपने स्वयं के आवास का सपना साकार कराने केन्द्र सरकार द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना लागू की गई। आवास योजना के प्रथम चरण में लाभ से वंचित परिवारों को योजना का लाभ देने शासन द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 गत वर्ष से लागू की गई। राजनांदगांव नगर निगम द्वारा द्वितीय चरण के आवास योजना का लाभ देने प्रचार-प्रसार कर प्रक्रिया की जा रही है। वर्षों से किराये के मकान में निवास करने वाली मधु वर्मा ने योजना का लाभ लेने मोतीपुर में जमीन लेकर आवास बनाने हेतु निगम में आवेदन कर प्रक्रिया पूर्ण की और स्वीकृति अनुसार आवास निर्माण कर प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 की छत्तीसगढ़ में पहली हितग्राही बन नगर का गौरव बढ़ाया।

### अब 45 वर्ग मीटर पर मकान

आवास योजना के पात्रता के संबंध में नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने बताया कि इस योजना के तहत पहले 30 वर्गमीटर में आवास निर्माण करना था, जिसे बढ़ाकर अब 45 वर्गमीटर कर दिया गया है। इसी प्रकार स्वयं की भूमि में आवास बनाने वाले हितग्राहियों को मिलने वाली राशि 2 लाख 26 हजार रुपए को बढ़ाकर अब 2 लाख 50 हजार रुपए कर दिया गया है। जिससे अधिक से अधिक लोगों को योजना का लाभ मिल सके। उन्होंने बताया कि आवास योजना 2.0 के तहत राजनांदगांव निकाय में अभी तक 736 नए आवास निर्माण की स्वीकृति प्राप्त हुई है।

## मतदाताओं की सजगता, आगे की परेशानियों से बचाएगी

**राजनांदगांव।** जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत ने शनिवार को छुरिया मंडल की बैठक में मतदाता सूची के शुद्धिकरण के विषय में जानकारी ली और प्राप्त आंकड़ों पर संतोष व्यक्त करते कहा कि यहां के मतदाता जागरूक हैं। उन्होंने कहा कि जिले के सभी मतदाता जागरूक होकर बीएलओ को सहयोग दें और अपने परिगणना फार्म को अवश्य भरे। इस अवसर पर महामंत्री डीकेश साहू, हीरेंद्र साहू एवं विधानसभा प्रभारी लकी भाटिया तथा जिला पंचायत अध्यक्ष किरण वैष्णव ने एसआईआर पर अपने उद्गार व्यक्त किए।



इस अवसर पर प्रमुख रूप से कोमल सिंह राजपूत अध्यक्ष जिला भाजपा, किरण वैष्णव अध्यक्ष जिला पंचायत, हिरेंद्र साहू, एमडी ठाकुर, डीकेश साहू, जगजीत सिंह भाटिया, तरूण लहरवानी, रविन्द्र वैष्णव, बोधन साहू, संजय सिन्हा, अजय पटेल, बीरम मांडवी, अनीता मांडवी, मीना पुजेरी, भेषबाई साहू, आत्माराम चंद्रवंशी, भूषण नेताम, कामता साहू, खिलेश्वर साहू, शेखर भारद्वाज, रामकुमार मांडवी, शिशुपाल साहू, मायाराम साहू, खिलेंद्र साहू, नैन सिंह पटेल, मनीष त्रिपाठी, कुमार साय साहू, कौशल चंद्रवंशी, राजेश्वर धुर्वे, पद्मभूषण साहू, भूखन धनकर, प्रीतम साहू सहित बड़ी संख्या में छुरिया, कुमरदा, गैंदाटोला मंडल के शक्ति केंद्र बूथ के कार्यकर्तागण उपस्थित थे।

## शराब परिवहन, आरोपी पकड़ाया

■ थाना सोमनी पुलिस की कार्रवाई

**राजनांदगांव।** पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा के निर्देश पर लगातार अवैध शराब के खिलाफ पुलिस द्वारा कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में आज सोमनी पुलिस ने 20 पौवा शराब के साथ आरोपी को गिरफ्तार किया है।




कानून एवं शांति व्यवस्था बनाने अवैध शराब बिक्री, असामाजिक तत्वों, गुंडा-बदमाशों व सार्वजनिक स्थान पर शराब पीने वालों के विरूद्ध पुलिस द्वारा अभियान चलाकर कार्रवाई की जा रही है। सोमनी थाना प्रभारी निरीक्षक अरूण कुमार नामदेव के नेतृत्व में थाना सोमनी पुलिस की टीम ने आज अवैध रूप से शराब परिवहन करने वाले लालाराम साहू पिता बिसौहाराम साहू 40 साल निवासी ग्राम नवागांव थाना सोमनी को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी के कब्जे से पुलिस ने 20 पौवा शोले देशी प्लेन शराब, 3.6 लीटर बरामद किया है। जिसकी कीमती लगभग 1600 रुपए आंकी गई है। वहीं पुलिस ने आरोपी से अवैध शराब परिवहन में लगी एक टीवीएस एक्सेल मोटर साइकिल भी कब्जे में लिया है। इस मामले में आरोपी के खिलाफ धारा 34(1) आबकारी एक्ट के तहत अपराध दर्ज करते पृथक से प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई है।

## फिट इंडिया संडे साइकिल रैली का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

■ फिटनेस की डोज आधा घंटा रोज का दिया गया संदेश

भारत सरकार खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा स्वास्थ्य एवं फिटनेस के प्रति जागरूकता लाने के लिए रविवार को दिग्विजय स्टेडियम राजनांदगांव में सुबह मीडिया प्रतिनिधियों के लिए फिट इंडिया संडे साइकिल रैली का आयोजन किया गया। प्रभारी सह मुख्य वॉलीबॉल कोच केसी त्रिपाठी ने बताया कि भारत सरकार खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा प्राप्त निर्देशानुसार प्रति रविवार लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने पूरे भारत में फिट इंडिया साइकिल रैली का आयोजन किया जाता है। जिसमें आज मीडिया प्रतिनिधियों द्वारा फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल रैली का आयोजन किया गया।



### अच्छे स्वास्थ्य के लिए साइकिल चलाना जरूरी

संयुक्त संचालक डॉ. उषा किरण बड़ाईक, प्रेस क्लब अध्यक्ष सचिन अग्रहरि, कोषाध्यक्ष बसंत शर्मा द्वारा मीडिया प्रतिनिधियों को फिट इंडिया संडे साइकिल रैली कार्यक्रम में शामिल होने प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में सदस्य प्रेस क्लब अंकालू साहू ने कहा कि अच्छे स्वास्थ्य के लिए प्रतिदिन साइकिल चलाना चाहिए। मंच संचालन प्रदीप शर्मा ने किया। फिटनेस की डोज आधा घंटा रोज का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में मीडिया प्रतिनिधियों के अतिरिक्त सांई ट्रेनिंग सेंटर के खिलाड़ी एवं स्टाफ सुकदेव राउत, मुन्नालाल जायसवाल, अर्चनादेवी चौधरी, वीरेंद्र सिन्हा, लेखराम देवांगन, जयहिंद निषाद, कुमारू राम पटेल एवं राधा राजपूत उपस्थित थे।

## धान की फसल नहीं लेने तीन गांव ने लगाई मुहर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

जिले में भू-जल स्तर के लगातार गिरावट के मद्देनजर ग्राम पंचायतों एवं किसानों की जागरूकता प्रेरक है। जिसकी एक बानगी डोंगरगढ़ विकासखंड के ग्राम पंचायत मेढ़ा, रेंगाकठेरा एवं मुंदगांव में दिखाई दी, जहां ग्रामसभा का आयोजन कर ग्रीष्मकाल में जल स्तर के गिरावट को ध्यान में रखते रबी सीजन में धान उत्पादन को पूर्णतः प्रतिबंध करने का प्रस्ताव पास किया गया है। जल संरक्षण के लिए ग्राम पंचायतों में की गई यह पहल प्रेरक है।

इसकी जगह कम पानी उपयोग वाली अन्य दलहन-तिलहन फसल के लिए प्रोत्साहित किया गया। पानी बचाने के लिए ग्राम पंचायत में जनजागरूकता अभियान चलाने का निर्णय लिया गया। किसानों को धान के बदले दलहन, तिलहन, लघु धान्य फसल अंतर्गत मक्का, रागी, गेहूं, चना एवं अन्य फसल लगाने के लिए प्रोत्साहित किया गया।

उल्लेखनीय है कि ग्राम पंचायतों में जल संरक्षण के लिए सामुदायिक सोख्ता का निर्माण किया जा रहा है। वर्षा जल संचयन के लिए मिनी परकोलेशन टैंक, निजी सोकपीट का निर्माण, वाटर हार्वेस्टिंग का निर्माण कराया जा रहा है। ग्रामसभा में नागरिकों को कम पानी की आवश्यकता तथा अधिक उत्पादन वाली फसलों के संबंध में जानकारी दी जा रही है।

## कोचियों-बिचौलियों पर शिकंजा कसने करें कार्य

# उत्कृष्ट कार्य करने वाले समिति प्रबंधक और डाटा एंट्री आपरेटर होंगे सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने रविवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में धान खरीदी के मद्देनजर जिले के सभी समिति प्रबंधकों एवं डाटा एंट्री ऑपरेटरों की बैठक ली। कलेक्टर ने कहा कि सभी समिति प्रबंधक एवं डाटा एंट्री ऑपरेटर ईमानदारी एवं टीम भावना के साथ कार्य करें। कार्य में किसी भी तरह की लापरवाही नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि उत्कृष्ट कार्य करने वाले समिति प्रबंधक एवं डाटा एंट्री ऑपरेटर को सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने संवेदनशील एवं अति संवेदनशील समितियों में रकबा समर्पण की गहन समीक्षा की।



उन्होंने कहा कि जिन समितियों में धान की आवक को देखते बफर लिमिट बढ़ाई गई है, वहां आधिपत्य लेकर धान रखने सुरक्षित स्थान रखें। हल्की बारिश के दृष्टिगत समितियों में धान के सुरक्षित रख-रखाव के लिए कैप कव्हर, ड्रेनेज एवं अन्य व्यवस्था करने कहा। कलेक्टर ने कहा कि कोचियों एवं बिचौलियों पर शिकंजा कसने सभी सक्रियता के साथ कार्य करें। धान उपार्जन केन्द्रों में अवैध धान परिवहन को रोकने कोचियों एवं बिचौलियों से सर्तक रहे एवं निगरानी रखें। कलेक्टर ने कहा कि धान का सत्यापन शीघ्र ही प्रारंभ हो जाएगा, इसे ध्यान में रखते सजगता के साथ कार्य करें। शासन की प्राथमिकता के अनुरूप शुद्ध धान खरीदी का कार्य प्राथमिकता से करें। इस दौरान खाद्य अधिकारी रविन्द्र सोनी, डीएमओ हीना खान, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित राजनांदगांव सुधीर सोनी, एसडीएम डोंगरगढ़ एम.भार्गव, एसडीएम राजनांदगांव गौतमचंद पाटिल, एसडीएम डोंगरगांव श्रीकांत कोराम सहित समिति प्रबंधक एवं डाटा एंट्री ऑपरेटर उपस्थित थे।

### जानकारी मिलने पर सूचित करें

कलेक्टर यादव ने कहा कि कोचियों एवं बिचौलियों की जानकारी मिलने पर एसडीएम को तत्काल सूचित करें। सभी अपनी ड्यूटी पर प्रतिबद्धतापूर्वक तैनात रहे। उन्होंने संवेदनशील एवं अतिसंवेदनशील समितियों के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि धान उपार्जन केन्द्रों में किसानों को धान बिक्री करने में किसी भी तरह की दिक्कत नहीं होनी चाहिए, इसका विशेष ध्यान रखें। अपर कलेक्टर प्रेमप्रकाश शर्मा ने बताया कि अवैध धान परिवहन करने वालों पर भारतीय न्याय संहिता के धारा 318 (4) के तहत धोखाखड़ी के तहत जुर्म दर्ज होगा। अवैध धान परिवहन करने वाले कोचियों एवं बिचौलियों एवं अवैध धान परिवहन में संलिप्त शासकीय कर्मचारियों के संबंध में भारतीय न्याय संहिता अंतर्गत की जाने वाली कार्रवाई की विधिक जानकारी प्रदान की।

## मन की बात समाज को नई ऊर्जा देने वाला प्रेरक मंच : विक्रांत सिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खैरागढ़

पिपरिया स्थित जिला भाजपा कार्यालय में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम की 128 वीं कड़ी का जिपं उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह ने कार्यकर्ताओं के साथ सामूहिक श्रवण किया। मन की बात मे पीएम नरेंद्र मोदी ने देश की प्रगति, जनभागीदारी और समाज में सकारात्मक बदलाव लाने वाले अभियानों पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने जनसहभागिता, नवाचार, पर्यावरण संरक्षण और राष्ट्रनिर्माण में युवा शक्ति की भूमिका को रेखांकित किया। साथ ही सामाजिक एकता, विकास कार्यों और हर क्षेत्र में सामूहिक प्रयासों के महत्व पर जोर दिया। कार्यक्रम बाद जिपं उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी का मन की बात केवल एक रेडियो कार्यक्रम नहीं बल्कि जनमानस को दिशा देने और प्रेरित करने वाला अभियान है। उन्होंने कहा कि देशभर की सकारात्मक घटनाओं और प्रेरक व्यक्तित्वों को सामने लाकर प्रधानमंत्री समाज में नई ऊर्जा और उत्साह भरते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि मन की बात सुनने से आम कार्यकर्ताओं को नए विचार और रचनात्मक कार्यों के लिए प्रोत्साहन मिलता है।

## पेज 9 के शेष

### ये रहे ...

शामिल हुए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात के 128वें एपिसोड में देश की उपलब्धियों और सामूहिक प्रयासों की सराहना की। मंत्री जायसवाल और उपस्थित कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री के विचारों से प्रेरणा ली और राष्ट्र एवं प्रदेश के विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

### युवक से की मारपीट...

लड़का वासु मुझे मारा है। तब वासु की मां कौसिल्या, संदीप एवं प्रताप तीनों मुझे मारपीट किया है तथा मेरी बहन बीच बचाव करने आई तो उसको डण्डा से मारपीट किया है। मारपीट से बहन के दाहिने हाथ में चोट लगा है तथा मेरे मस्तक, गला एवं सीने में चोट आकर दर्द है।

### बाइक की ठोकर से बुजुर्ग ...

ठोकर मारकर दिया। जिससे मैं साइकिल सहित गिर गया एवं मोटर साइकिल का चालक भी गिर गया,एक्सीडेंट से मुझे कमर, दाहिना पैर के टखना और बायां हाथ के कलाई के पास चोट लगा है तथा एक्सीडेंट से सायकल क्षतिग्रस्त हो गया है।

# मनौद में कलश यात्रा और झांकियों के साथ हुई श्री राम दरबार मूर्ति स्थापना









हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

ग्राम मनौद में श्री राम दरबार मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। जिसमे झांकी का आयोजन कर कलश यात्रा ग्रामीणों द्वारा निकाली गई थी।

जिसमे बड़ी संख्या में ग्रामीण सम्मिलित हुए। इस दौरान उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि सरपंच ग्राम पंचायत मनौद चुम्मन लाल सोनकर थे। विशेष अतिथि ग्रामीण अध्यक्ष योगेन्द्र ठाकुर, ग्राम पटेल लोकनाथ साहू, नागरिक बलदेव सिंह ठाकुर, उपसरपंच तुशार सोनकर, अध्यक्ष साहू समाज बिसम्भर साहू, पंच वार्ड क्रमांक 04 खुमनु ठाकुर उपस्थित थे। वही समापन समारोह में मुख्य अतिथि जिला पंचायत बालोद पूजा वैभव साहू थी। अध्यक्षता पूर्व सरपंच कौशन कुमार साहू ने किया। विशेष अतिथि जनपद सदस्य बालोद महेवरी ठाकुर, देवेन्द्र साहू, कृष्णा राम साहू, जागेश कुमार यादव, कुशल साहू, दीपचंद साहू, बिसेसर ठाकुर उपस्थित थे। कार्यक्रम में सुबह 9 बजे से 12 बजे तक नौ दुगा झांकी एवं जगराता परिवार पुरूर का विशेष झांकी निकाला गया था। जिसमें झांकी के साथ कलश यात्रा निकाली गई थी। मूर्ति स्थापना एवं पूजा अर्चना दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक किया गया। मानस गान मां गायत्री परिवार बेलमांड की प्रस्तुती दोपहर 3 बजे से 5 बजे तक हुआ तथा रात्रिकालीन कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

■ झांकियों के साथ सुबह 9 बजे से 12 बजे तक नौ दुर्गा झांकी और जगराता परिवार पुरूर की विशेष झांकी की गई

## सौगात : योगेंद्र की पहल पर वर्षों पुरानी स्वास्थ्य सुविधा की मांग हुई पूरी

# मंत्री जायसवाल ने स्वास्थ्य केंद्र के लिए 75 लाख की घोषणा की, गांव में खुशी की लहर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुसुमकसा



कुसुमकसा भाजपा मंडल अध्यक्ष योगेंद्र सिन्हा गांधी की मांग पर छत्तीसगढ़ शासन के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भवन निर्माण के लिए 75 लाख रुपयों की घोषणा का कुसुमकसा सहित समीपस्थ समीपस्थ ग्रामों के ग्रामीणों ने स्वागत करते स्वास्थ मंत्री का आभार व्यक्त किए है, वर्षों पुरानी मांग की घोषणा पर ग्रामीणों में खुशी की लहर दौड़ गई।

योगेंद्र सिन्हा गांधी मंडल अध्यक्ष कुसुमकसा ने बताया की कुसुमकसा सहित समीपस्थ ग्रामीण अंचल के ग्रामीणों को समुचित स्वास्थ्य सुविधा हेतु शहर के निजी अस्पतालों का सहारा लेना पड़ता है वही मजदूर किसान वर्ग के ग्रामीण आर्थिक स्थिति ठीक नहीं होने से अपना उपचार निजी अस्पतालों में नहीं करा पाते थे, छत्तीसगढ़ में भाजपा के विष्णु देव की सरकार बनने पर आस जगी थी की कुसुमकसा सहित समीपस्थ लगभग तीस ग्रामों के ग्रामीणों के समुचित उपचार हेतु कुसुमकसा में प्राथमिक स्वास्थ केंद्र भवन स्थापना की स्वीकृति मिलेगी, ग्राम पंचायत कुसुमकसा के साधारण सभा की में आयोजित बैठक में ग्राम पंचायत कुसुमकसा में स्वास्थ्य सुविधा हेतु प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र स्वीकृत करा स्थापना करने की मांग का प्रस्ताव क्रमांक 08 का निर्णय पारित किया था। ,ग्राम पंचायत के प्रस्ताव की कॉपी के साथ आवेदन दिया गया। मंडल अध्यक्ष का दायित्व मिलने के बाद लगातार कुसुमकसा में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भवन की स्वीकृति करवाने प्रयासरत था, बालोद जिला के कलंगपुर (गुण्डरदेही) में कलार महोत्सव के कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के स्वास्थ्य व परिवार कल्याण मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल से चेमन देशमुख अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी जिला बालोद व देवेंद्र जायसवाल के साथ मिलकर कुसुमकसा मंडल के अंतर्गत कुसुमकसा सहित आसपास के ग्रामों के ग्रामीणों को समुचित स्वास्थ हेतु प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भवन की स्वीकृति दिलाने की मांग की गई, माननीय मंत्री ने ग्रामीणों के स्वास्थ्य सुविधा हेतु हो रही परेशानी को देखते हुए वर्षो पुरानी मांग का पूरा करते हुए कुसुमकसा में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के भवन निर्माण हेतु 75 लाख रुपयों की घोषणा की। कुसुमकसा अंचल की वर्षो पुरानी मांग प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र कुसुम कसा का भवन निर्माण हेतु 75 लाख रु राशि का बड़ा सौगात देने के लिए प्रदेश के स्वास्थ्य व परिवार कल्याण मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल का कुसुमकसा मंडल के समस्त पदाधिकारी, भाजपा कार्यकर्ता, ग्राम पंचायत कुसुमकसा की वेदबाई पिस्दा सरपंच ,नितिन जैन उपसरपंच पंचगण,कुसुमकसा सहित समीपस्थ ग्रामों के ग्रामीणजनों ने आभार व्यक्त किया है साथ ही योगेंद्र सिन्हा की मांग का समर्थन करते हुए स्वास्थ्य मंत्री से उक्त मांग को पूर्ण कराने के लिए चेमन देशमुख अध्यक्ष भाजपा जिला बालोद व सिन्हा समाज गौरव देवेंद्र जायसवाल का भी आभार व्यक्त किए है।

# हमारा संविधान हमारा स्वाभिमान के तहत कार्यक्रम आयोजित




हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टटेंगा में संविधान दिवस के उपलक्ष में 'हमारा संविधान-हमारा स्वाभिमान' कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में रूपाली ने अंग्रेजी में तथा पारुल ने गीत और अंजलि, प्रियंका, हेमलता ने भाषण के माध्यम से संविधान के महत्व को बताते हुए उसका गुणगान किया।

व्याख्याता हेपशीबा एंथोनी ने संविधान पर अपनी स्वरचित कविता /"भारत का विधान है, यह हमारा संविधान है/" का पाठ किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए वरिष्ठ व्याख्याता टी एल देवांगन ने कहा कि हमारा संविधान कठोर व लचीला दोनों है। जिससे हमें ताकत मिलती है तथा गलतियों को सुधारने का अवसर भी मिलता है। उन्होंने कहा कि देश संविधान से और हमारा घर भी हमारे बने हुए विधान से ही चलता है और जो भी इसका पालन न करें उसे दंड की प्राप्ति होती है। कार्यक्रम का संचालन करते हुए व्याख्याता अजय पाठक ने संविधान के इतिहास के बारे में बताते हुए कहा कि यह दुनिया का सबसे लंबा लिखित संविधान है तथा एक स्थिर दस्तावेज नहीं वरन यह समय के साथ संशोधित होते रहता है। उन्होंने अंत में संविधान के उद्देशिका का वाचन किया। इस अवसर पर प्रभारी प्राचार्य चंद्रमणि वासनिक, रेशमी साहू, चंद्रा देबनाथ, पवन सिन्हा, रीना बोरकर, भागवत साहू, वेद प्रकाश साहू, महेश रावटे, रवि देवांगन, सी पी सोनबोईर, अनुराधा खरे, सुरेंद्र नेताम,बिंदु पटेल, बिंदु साहू के साथ छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप



### सूने मकान से ज्वेलरी और कैश चुराने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार

**भिलाई।** पुलिस ने महादेव घाट के सूने मकान से ज्वेलरी और कैश चुराने वाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से 80 हजार रुपए का माल बरामद की गई है। धारा 305-ए,331 (4) बीएनएस के तहत कार्रवाई करते हुए सभी को रिमांड पर भेजा गया है। मामला अमलेश्वर थाना क्षेत्र का है। जानकारी के अनुसार शुक्रवार को प्रार्थी सागर कुमार जांगड़े रायपुर ने थाना अमलेश्वर में रिपोर्ट दर्ज कराया कि उनके बड़े भाई महादेव घाट स्थित घर में ताला लगाकर बाहर गए थे। वे बड़े भाई के घर में रात्रि में सोते थे। 2-3 दिन से अपने भाई के घर नहीं गया था। इस दौरान अज्ञात चोर ने घर में रखे सोने-चांदी के जेवरात और नगदी रकम पर हाथ साफ कर दिया। इस पर पुलिस ने अपराध दर्ज कर जांच प्रारंभ किया। सुबह पेट्रोलिंग के दौरान स्कूटी क्रमांक सीजी 04 एलडब्ल्यू 5478 में तीन लड़के पुरानी बस्ती रायपुर निवासी अमित सोनकर 21 वर्ष, मुकुट नगर रायपुर निवासी मोनू उर्फ दीक्षांत मांझी 19 वर्ष, मुकुट नगर रायपुर निवासी राहुल सोनकर 21 वर्ष संदिग्ध अवस्था में घूमते मिले। पूछताछ करने पर चोरी करना स्वीकार किए। आरोपियों ने बताया कि चोरी की सामग्री को अमलेश्वर क्षेत्र के ज्वेलरी शॉप में बेचा है। आरोपियों की निशानदेही पर चोरी की सोने-चांदी के जेवरात कीमती लगभग 80000 रुपए बरामद कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है।

### अल सुबह पुलिस की टीम ने आउटर व स्लम एरिया में दी दबिश



**भिलाई।** सुबह दुर्ग जिले में अलग-अलग पुलिस की टीम द्वारा आउटर एवं स्लम एरिया में दबिश देकर चाकूबाजों, मादक पदार्थ रखने वालों एवं सशक्त ऐप के माध्यम से वाहनों की चेकिंग की गई। इस दौरान संदिग्ध पाए जाने पर लोगों का बायोमैट्रिक थंब भी लिया गया। जिले में आपराधिक गतिविधियों में अंकुश लगाए जाने, धारदार हथियार लेकर चलने वालों, मादक पदार्थ रखने वालों एवं सशक्त अप के माध्यम से वाहनों की चेकिंग एवं अपराधियों पर नियंत्रण बनाए रखने के लिए शुक्रवार को छावनी बस्ती, कुम्हारी क्षेत्र एवं रायपुर से लगे अमलेश्वर क्षेत्र के आउटर बस्ती में प्रातः 4 बजे से 8 बजे तक और रात्रि 10 बजे से 12 तक रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड में सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। इसमें लगभग 500 से अधिक लोगों की चेकिंग की गई और संदिग्ध व्यक्तियों के फिंगर प्रिंट लिए गए। राजपत्रित अधिकारियों के नेतृत्व में थाना प्रभारी एवं पुलिस बल द्वारा यह चेकिंग की गई। इस दौरान बदमाशों को अपराधिक गतिविधियों से दूर रहने, सामाजिक जीवन व्यतीत किए जाने समझाईश दी गई ।

## मोदी की मन की बात ...




**गुण्डरदेही।** मन की बात कार्यक्रम भाजपा मंडल गुण्डरदेही कार्यालय में स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल एवं जिलाध्यक्ष चेमन देशमुख की उपस्थिति में सुना गया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष तारणी पुष्पेन्द्र चंद्राकर, जनपद अध्यक्ष पुरुषोत्तम चंद्राकर, नगर पंचायत अध्यक्ष प्रमोद जैन, पूर्व विधायक राजेन्द्र राय, कांति सोनेश्वरी, हेमपुष्पा जनपद सदस्य लेखराम साहू, पूर्व जिला अध्यक्ष मोहन जैन, देवेन्द्र जयसवाल, मंडल अध्यक्ष युवराज मार्कंडेय, सौरभ जैन सहित भाजपा के अन्य पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

### नशीला दवा के साथ पकड़े गए युवक की जमानत याचिका खारिज

**दुर्ग।** उतई थाना अंतर्गत ग्राम उमरपोटी के भाठापारा क्षेत्र में 15 सितंबर को नशीला दवा के साथ पकड़े गए सुजल पिता सतीश सिंह (20 वर्ष) स्टेशन मरोदा की जमानत याचिका कोर्ट ने खारिज कर दी है। उसे पुलिस ने एक अन्य आरोपी नवीन चाणक्य के साथ गिरफ्तार किया था। जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए न्यायाशीध पीएस मरकाम के कोर्ट से यह यह आदेश जारी हुआ। उतई पुलिल ने कोर्ट से बताया कि आरोपी नवीन के पास से करीब 120 नग नशीली दवा जब्त की गई है।मामले में सुजल सहआरोपी है, उसे जमानत दिया जाना उचित नहीं होगा। दोनों पक्षों को सुनने के बाद कोर्ट ने आरोपी की जमानत याचिका खारिज कर दी।

# पीएमश्री सेजेस में छात्रों को मिला काष्ठ शिल्प का प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा






पीएमश्री सेजेस डौंडीलोहारा में छात्र-छात्राओं की छुपी हुई प्रतिभा को निखारने और उन्हें पारंपरिक कला से जोड़ने के उद्देश्य से काष्ठ शिल्प प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। इस विशेष प्रशिक्षण में काष्ठ शिल्प के कुशल कलाकार दीपक तारम ने प्रशिक्षक के रूप में अपनी सेवाएं दी। दीपक तारम लकड़ी की नक्काशी ,मूर्ति निर्माण ,वर्ण लेखन तथा लकड़ी के बने विभिन्न मॉडलों की कला में प्रवीण है और छत्तीसगढ़ की लुप्त होती पारंपरिक कला को फिर से जीवित करने का महत्वपूर्ण काम कर रहे हैं। बच्चों को इस कला से परिचित कराने के लिए शाला की व्याख्याता सीमा सुशील जामवंते द्वारा उन्हें आमंत्रित किया गया था। प्रशिक्षण के दौरान बच्चों को काष्ठशिल्प के औजारों उपयोगी लकड़ी की नक्काशी की बारीकियों और कटिंग के तरीकों की जानकारी दी। जामवंते ने कहा की नई शिक्षा नीति के तहत छात्रों द्वारा इस प्रकार के कौशल को अपना कर अपने करियर को नई उड़ान दे सकते हैं। उक्त कार्यक्रम में शाला प्रमुख डीआर देवहरे, एमडी साहू व समस्त स्टाफ का सहयोग रहा। उक्त कार्यक्रम के आयोजन से छात्रों में एक नई ऊर्जा व आत्मविश्वास का निर्माण हुआ।

■ पारंपरिक कला को बढ़ावा मिलेगा

### धर्मेन्द्र के गीतों पर गायकों ने दी शानदार प्रस्तुति

**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ मंच दुर्ग और सांस्कृतिक मंच दुर्ग के तत्वावधान में पुराना बस स्टैंड दुर्ग में सुप्रसिद्ध अभिनेता स्व धर्मेंद्र देओल को दुर्ग-भिलाई के गायक कलाकारों ने गीतों के माध्यम से श्रद्धांजलि अर्पित की। मंच के अध्यक्ष ईश्वर सिंह राजपूत, सचिव तुलसी सोनी, दिनेश जैन और गुलाब चौहान ने बताया कि कार्यक्रम में मंच के संरक्षक कैलाश जैन बरमेचा और पूर्व विधायक अरुण वोरा ने स्व धर्मेंद्र के चित्र पर माल्यार्पण कर अपनी श्रद्धा सुमन अर्पित किया। इस अवसर पर कैलाश जैन बरमेचा ने उपस्थित संगीतप्रेमियों और धर्मेन्द्र को चाहने वालो को संबोधित करते हुए कहा कि धर्मेन्द्र एक अच्छे अभिनेता के साथ साथ एक अच्छे इंसान भी थे।

यहां वात रोग, सभी प्रकार के दर्द, लकवा रोग, बवासीर, पेट रोग, पुरुषों के गुप्त रोग, स्त्री रोग-सफेद पानी आना, मासिक रूकावट केश रोग, मूत्र रोग, शुगर रोग, चर्म रोग, बुखार, सर्दी, खांसी, श्वास रोग व दांत रोग के इलाज में
तुरंत आराम के लिए
बाबा आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - हाउसिंग बोर्ड कालोनी पोटियाडीह, धमतरी
मो.नं. : 8319483810
यहां डॉक्टर का फीस नहीं लगता
खुलने का समय सुबह 8 से 9 बजे तक

## जिले के कई शिक्षक प्राचार्य पदोन्नति के बाद अपने-अपने विद्यालयों में पदभार ग्रहण किया

# एलबी संवर्ग शिक्षक प्राचार्य पद पर पदोन्नत, टीचर्स एसोसिएशन में हर्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



शिक्षक एलबी संवर्ग के शिक्षक प्राचार्य पद पर पदोन्नति उपरांत पदभार ग्रहण करने लगे है। टीचर्स एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष दिलीप साहू, ने ई व टी संवर्ग के शिक्षकों के प्राचार्य बनने पर हर्श व्यक्त की है।

जिले से व्याख्याता एलबी से प्राचार्य में पदोन्नत होने वालों मे शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कनेरी शेषलाल साहू, प्राचार्य शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय चौरेल राजेन्द्र देशमुख, प्राचार्य सेजेस सिकोसा मधुमाला कौशल, प्राचार्य शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय दर्रा चौलेंद्र साहू, प्राचार्य शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय ईर्रागुड़ा सुषमा पटेल, प्राचार्य शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय ज सांकरा मुन्ना लाल गौतम, प्राचार्य शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय खरथुली घनाराम देशमुख, प्राचार्य शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कमरौद बिसेसर राम साहू, प्राचार्य शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय नेवारीकला ज्योति देशमुख, श्याम कुमारी धुरव, प्राचार्य शास हाईस्कूल कोहंगाटोला, प्राचार्य शास हाईस्कूल घुमका कविता जान, प्राचार्य शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय नाहंदा सरोज साहू, प्राचार्य शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय भिरई पुरुषोत्तम साहू, प्राचार्य सेजेस अरमरीकला पूरन लाल साहू, प्राचार्य शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पीपरछेड़ी मनहरण लाल सार्वा, प्राचार्य शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय डुंडेरा शिव कुमार साहू, प्राचार्य शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय डौंडी लोहारा वीरेंद्र कुमार भंडारी, प्राचार्य शास हाईस्कूल कोलिहापुरी सुभाष नायक, प्राचार्य शास हाईस्कूल हर्राठेमा अरविंद यदु, प्राचार्य शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय रेंगाडबरी गोविन्द राम भुआर्य, प्राचार्य शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय भरऍटोला सुभाष रात्रे, प्राचार्य शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कलंगपुरी सत्येन्द्र साहू, प्राचार्य शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय तराई घोंठिया हरिश साहू, प्राचार्य शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय भोधा रामचन्द्र कौर, शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पुरी कांकेर योगिनी सुधाकर, प्राचार्य शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय चिखलाकसा प्रदीप नायक का पदांकन हुए हैं।

online Booking:-www.tripuryatra.com
20 वर्षों से
बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, गोंदिया से होकर
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी,
80 शीटें शेष
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
Jai Mata Di
Shree Tripur Tirth Yatra Samiti
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KOREA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354 411411